<u>SNM Seattle</u>

<u>Gandhi Global Family Visit</u>





On 10th July 2022, General Secretary Adv. Ram Mohan Rai and his wife Krishna Kanta Rai from the Gandhi Global Family visited Sant Nirankari Mission's Seattle branch's weekly congregation to honor Rev. Sohan Singh Ubbi Ji, the Pramukh of the Seattle branch. The Seattle branch's sewadal presented a bouquet of flowers and "Mere Hardev" book to Rev. Ram Mohan Ji as a token of their gratitude.

The Global Gandhi Family is a Peace NGO accredited by the United Nations which propagates the ideologies of Mahatma Gandhi, Martin Luther King Jr. & Nelson Mandela among youth. In addition, the organization has a strong focus on community service much like the Sant Nirankari Mission.

During the congregation, several saints presented their thoughts regarding the importance of community service and how it connects with spirituality. The saints mentioned how participating in community service strengthens the soul and connects us with fellow volunteers and Nirankar. In addition, other saints shared their thoughts on the teachings of Mahatma Gandhi. Rev. Ram Mohan Ji shared about his previous experiences with the Sant Nirankari Mission and discussed the importance of keeping the company of enlightened beings. He also wished all the saints Eid Mubarak while stating that the Mission is one of the few organizations where one can celebrate the festivals of all religions.








Photo Gallery:
https://drive.google.com/drive/folders/1N1_LHa3gCvA46qXQhzDdKmMLMxGjkqez?usp=sharing

Closing Note:

Respected Ram Mohan Rai Ji has also shared his thought on his blogpost and send it to Respect Gulati Ji to SNM HQ. Please see attached report.

Regards,

SNM Seattle

Nityanootan

# Sant Nirankari Mission sangat for service of humanity and mankind.

July 10, 2022





अपनी USA प्रवास के दौरान आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण एवं आनंददायक रहा कि सिएटल के निकट रेडमनड कस्बे के श्री शिरडी साई मन्दिर में संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला. संत निरंकारी मिशन न केवल भारत में अपितु दुनियाभर के सौ से भी अधिक देशों में मानवता की सेवा , विश्व बंधुत्व एवं आत्मिक आंतरिक चेतना के लिए अद्भुत कार्य कर रहा है. अकेले अमेरिका में विभिन्न प्रमुख नगरों में इसके 12 केंद्र है. कार्यक्रम संख्यात्मक तथा गुणात्मक दृष्टि से बहुत ही प्रभावित करने वाला था जिसमें गांधी ग्लोबल फॅमिली के महासचिव के तौर पर मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया गया था.

कार्यक्रम को संचालित करते हुए मिशन ,सियाटल के सचिव श्री अमित ओबेरॉय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, कार्यो एवं विचारों को बहुत ही सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया. उन्होंने गांधी ग्लोबल फॅमिली की स्थापना, उसके उद्देश्यों तथा नेतृत्व का भी परिचय दिया. GGF के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री गुलाम नबी आजाद की राष्ट्र निर्माण एवं गांधी विचार के प्रति उनके समर्पण की भी चर्चा की तथा GGF की महत्वाकांक्षी योजनाओं की भी जानकारी दी. उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार मिशन तथा GGF शांति, सद्भाव एवं एकता के लिए सामुहिक कार्य कर रहे हैं. संत विनोबाजी तथा उनकी मानस पुत्री दीदी निर्मला देशपांडे जी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए उनका कहना था कि दीदी ने अमन और दोस्ती के लिये जीवन पर्यंत कार्य किया. उन्होंने GGF के उपाध्यक्ष पद्मश्री श्री एस पी वर्मा का भी आभार व्यक्त किया जो मिशन तथा GGF के एक समन्वयक का कार्य कर रहे हैं.

मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखते हुए मैंने कहा कि दुनियाभर के लिए यह अत्यंत जिज्ञासा तथा प्रसन्नता का अवसर रहेगा कि अमेरिका के एक मन्दिर के प्रांगण में सर्वधर्मसमभाव के केंद्र संत निरंकारी मिशन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है. हम सब मानते हैं कि ईश्वर एक ही है जबकि विद्वान लोग उसे विभिन्न नामों से पुकारते हैं. महात्मा गांधी ने इसे ही सत्य का नाम दिया था. अमेरीका के ही महान विचारक डॉ बोयस ने इसी सत्य एवं अहिंसा के रास्ते को असमानता, रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध एक अमोघ अस्त्र बताया था. वे महात्मा गाँधी के न केवल प्रशंसक थे वही वैचारिक मित्र भी थे. उन्हीं की प्रेरणा से सन 1934 में प्रसिद्ध Afro-American चिंतक हार्वर्ड थरमन बापू से मिलने भारत आए थे. वे सार्वभौम आध्यात्मिक विचारों अंतर्चेतना एवं प्रकृति की निकटता के हामी थे. उन्हीं के शिष्य मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अमेरिका में अश्वेत लोगों की समानता की लड़ाई लड़ते अपना बलिदान दिया. निरंकारी

मिशन का भी 94 वर्षो का सेवा एवं बलिदान का इतिहास है. इनके तीसरे गुरु बाबा गुरबचन सिंह जी का बलिदान भी संकीर्णतावादी विचारधारा के लोगो के ऐसे लोगों के हाथों हुआ सद्भाव ,मानवता एवं सेवा के विरुद्ध थे. वर्ष 2028-29 में मिशन की शताब्दी मनाई जाएगी जिसमें GGF भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी क्योंकि इन दोनों संगठनों के उद्देश्य एवं बलिदान एक से ही है. उन्होंने USA में Saturday Free School तथा GGF के संयुक्त वैचारिक अभियान की भी चर्चा की और इसे व्यापक रूप देने की बात की.

मिशन मुखी श्री सोहन सिंह ऊबी ने मानवता की सेवा को ही ईश्वर की प्रार्थना का सर्वोत्तम रास्ता बताया. ईश्वर भी उन्हीं लोगों को प्यार करता है जो उसकी सृष्टि में बसी प्रकृति, सभी मानवों एवं जीवों के प्रति स्नेह रखता है. मनुष्य की सिर्फ एक ही जाति है जिसमें जाति, धर्म, रंग एवं नस्ल का भेद करना परमात्मा की सत्ता एवं आज्ञा का विरोध करना है. उनका मिशन किसी भी संकीर्णता का विरोधी है तथा साम्प्रदायिक सद्भावना का हामी है इसलिए उनके लिए ईद का भी उतना ही सम्मान है जितना दिवाली, क्रिसमस अथवा गुरुपूरब का इसीलिए वे दुनियाभर के लोगों को ईद की मुबारक प्रेषित करते हैं. वर्तमान मे मिशन की अधिष्ठात्री माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव सिंह जी महाराज आपने इन्हीं उदात्त संदेश को प्रचारित प्रसारित कर रहीं हैं. उन्होंने मिशन के अध्यक्ष श्री सी एल गुलाटी जी का भी आभार व्यक्त किया जिनकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से आज का यह अनुपम अवसर प्राप्त हुआ.

इस समारोह में मिशन मुखी श्री सोहन सिंह जी ऊबी तथा सचिव अमित ओबेरॉय का गांधी ग्लोबल फॅमिली के प्रतीक चिन्ह, खादी वस्त्र एवं बैज लगा कर स्वागत कि गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम मोहन राय तथा उनकी पत्नि श्रीमती कृष्णा कांता को भी पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया.

इस संगत समारोह में भरपूर संख्या में अमरीकी तथा भारतीय नागरिको ने भाग लिया. कार्यक्रम में अमित शर्मा, अंजना ग्रोवर रजनीश ग्रोवर, उषा,
प्रीत ऊबी, नीलम मक्कड़, प्रीति ग्रोवर, अयान ओबेरॉय मेहर कुरशवानी, खुशहाल, रिया एवं दिया उबी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

Ram Mohan Rai.

Gen., Secretary, Gandhi Global Family.

Seattle, Washington-USA.


10.07.2022

(Nityanootan broadcast service)




घट-घट वासी है प्रभु


मंगलाचरण


TUHI
NIRANKAR




---

**MARZINA VHORA** *July 10, 2022 at 6:55 PM*

Mashaallah

REPLY

To leave a comment, click the button below to sign in with Google.

SIGN IN WITH GOOGLE